अंक-14 राजभवन, उत्तर प्रदेश

# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका

नवम्बर, दिसम्बर-2023 व जनवरी-2024








जयश्री राम

अंक–14 राजभवन, उत्तर प्रदेश

नवम्बर, दिसम्बर 2023 व जनवरी 2024

# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका




## प्रेरणा स्रोत



**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पेज न. |
|---|---|---|
| 1. | प्रभु श्री राम के बाल विग्रह रूप का प्राण प्रतिष्ठा समारोह | 1—5 |
| 2. | मा0 राष्ट्रपति, मा0 उप राष्ट्रपति एवं मा0 प्रधानमंत्री का प्रदेश भ्रमण | 6—14 |
| 3. | राजभवन के कार्यक्रम | 15—52 |
| 4. | नैक, क्यू0एस0 एशिया विश्वविद्यालय, श्रेणी—1 विश्वविद्यालय में राज्य विश्वविद्यालयों का उत्कृष्ट प्रदर्शन | 53—55 |
| 5. | विश्वविद्यालयों के नैक तैयारियों की समीक्षा | 56—57 |
| 6. | राज्य विश्वविद्यालयों का दीक्षांत समारोह | 58—63 |
| 7. | दीक्षांत समारोह के अवसर पर विविध गतिविधियां | 64—74 |
| 8. | विद्यार्थियों का राजभवन भ्रमण | 75—76 |
| 9. | जनपदीय भ्रमण | 77—94 |
| 10. | राज्य भ्रमण | 95—96 |
| 11. | छायाचित्रों में राजभवन | 97—101 |
| 12. | समाचार पत्रों में राजभवन | 102 |


“शिक्षा का मतलब आत्मनिर्भर बनाना है। हमारे छात्र–छात्राएं क्या चाहते हैं उसी के मुताबिक शिक्षा ग्रहण कराई जानी चाहिए। रोजगारपरक शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए आत्मनिर्भर शिक्षा हेतु नई–नई फैकल्टी शुरू करने चाहिए। एक बच्चा आगे बढ़ता है तो पूरा देश आगे बढ़ता है तभी देश की 140 करोड़ जनता का विकास होगा।”

– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# प्रधान सम्पादक की कलम से...

त्रैमासिक पत्रिका राजभवन 'उमंग' का 14वां अंक आप सभी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्षतिरेक की अनुभूति हो रही है। इस अंक को माननीय राज्यपाल जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन में संचालित विविध कार्यक्रमों के साथ–साथ जनपदों में राज्यपाल जी के भ्रमण दौरान आयोजित विविध समीक्षा बैठकों, सामाजिक गतिविधियां एवं अन्य कार्यक्रमों से सुसज्जित किया गया है।

राज्यपाल जी की अध्यक्षता में राज्य विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता मानकों एवं उच्च रैंकिंग तथा ग्रेड प्राप्ति हेतु विश्वविद्यालयों की टीम की राजभवन में समीक्षा बैठक, दीक्षान्त समारोहों में अनूठी पहल के तहत आंगनवाड़ी किट वितरण, प्राथमिक स्कूल एवं 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' उन्मुख हुए बच्चों के बीच पठन–पाठन व पोषण सामग्री का वितरण आदि से संबंधित कार्यक्रमों का समावेश पत्रिका को वैशिष्टता प्रदान करते हैं।

इस अंक में अयोध्या धाम में दीपोत्सव, माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे का उद्घाटन, श्री राम बाल विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सहित इस अवसर पर राजभवन में आयोजित विविध कार्यक्रमों का समावेश किया गया है, जो पत्रिका को आकर्षक बनाते हैं।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित श्री अन्न प्रतियोगिता, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सहित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन एवं गणतंत्र दिवस पर आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजभवन एवं विधान भवन में ध्वजारोहण, परेड, झांकी का प्रदर्शन के साथ–साथ राजभवन में लखनऊ के उच्चतम राष्ट्रीय झण्डे का लोकार्पण एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करती सांस्कृतिक संध्या आयोजन पत्रिका को विशेष बनाती है।

फिट इण्डिया का संदेश देती साइकिल रैली का आयोजन हो या देश की यात्रा पर निकली एन0सी0सी0 की बालिका कैडेट्स की मेगा साइक्लोथॉन रैली एवं राजभवन अध्यासितों व कार्मिकों हेतु परम्परागत खेल महोत्सव के आयोजन को पत्रिका में समाहित कर वैविध्यता प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इसके साथ–साथ मलिन बस्तियों, भिक्षा से शिक्षा की ओर जुड़े बच्चों व विभिन्न विद्यालयों से राजभवन भ्रमण पर आये बच्चों व उनकी विविध गतिविधियों को भी इस अंक में समाहित किया गया है।

अपेक्षा करता हूं कि प्रस्तुत अंक पाठकों का ज्ञानवर्द्धन करेगा एवं प्रेरणादायी होगा। आभारी हूँ, सहायक निदेशक सूचना, राजभवन श्री राम मनोहर त्रिपाठी एवं उनकी टीम का, जिनके सहयोग एवं प्रयासों से पत्रिका को वर्तमान सारगर्भित स्वरूप दिया जा सका है।

**शुभकामनाओं सहित**

**डॉ. सुधीर एम. बोबडे**
**अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल**
**प्रधान सम्पादक**

# प्रभु श्री राम के बाल विग्रह रूप का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**अयोध्या : 22 जनवरी, 2024**

- श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के बाल विग्रह रूप के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी,सर संघ चालक डॉ मोहन भागवत, अध्यक्ष श्री राम जन्म भूमि न्यास महंत नृत्य गोपाल दास तथा अन्य गणमान्य महानुभाव।





भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सम्बोधित करते हुए।

"आज अयोध्या में, केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है। ये श्रीराम के रूप में साक्षात् भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है। ये साक्षात् मानवीय मूल्यों और सर्वोच्च आदर्शों की भी प्राण प्रतिष्ठा है। इन मूल्यों की, इन आदर्शों की आवश्यकता आज सम्पूर्ण विश्व को है। सर्वे भवन्तु सुखिन: ये संकल्प हम सदियों से दोहराते आए हैं। आज उसी संकल्प को राममंदिर के रूप में साक्षात् आकार मिला है। ये मंदिर, मात्र एक देव मंदिर नहीं है। ये भारत की दृष्टि का, भारत के दर्शन का, भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। ये राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। राम भारत की आस्था हैं, राम भारत का आधार हैं। राम भारत का विचार हैं, राम भारत का विधान हैं। राम भारत की चेतना हैं, राम भारत का चिंतन हैं। राम भारत की प्रतिष्ठा हैं, राम भारत का प्रताप हैं। राम प्रवाह हैं, राम प्रभाव हैं। राम नेति भी हैं। राम नीति भी हैं। राम नित्यता भी हैं। राम निरंतरता भी हैं। राम विभु हैं, विशद हैं। राम व्यापक हैं, विश्व हैं, विश्वात्मा हैं। और इसलिए, जब राम की प्रतिष्ठा होती है, तो उसका प्रभाव वर्षों या शताब्दियों तक ही नहीं होता। उसका प्रभाव हजारों वर्षों के लिए होता है।"

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी**



अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान श्रमजीवियों को सम्मानित किया

# राजभवन परिसर स्थित मंदिरों में अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विविध आयोजन

**राजभवन : 20–22 जनवरी, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा व मार्गदर्शन में राजभवन परिसर में 22 जनवरी 2024 को धर्मस्थली अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों जैसे राजभवन परिसर स्थित मंदिरों पर भगवान श्री राम की आरती, भजन व कीर्तन, सुंदरकांड, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा भगवान श्री राम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।



राज्यपाल जी भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजभवन स्थित मंदिर में आरती और पूजा अर्चना करते हुए।



भगवान श्री राम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति।



अयोध्या में आयोजित भगवान श्री राम के गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखते हुए राजभवन को कार्मिकगण।



भगवना श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजभवन स्थित मंदिर में सुंदरकांड का श्रवण करते हुए राज्यपाल जी।



अयोध्या में आयोजित भगवान श्री राम के गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखते हुए राजभवन के कार्मिकगण।

## माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का प्रदेश भ्रमण

**वाराणसी: 10 दिसम्बर, 2023**



माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी का वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

## महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी का दीक्षांत समारोह

**वाराणसी: 11 दिसम्बर, 2023**

- देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के 45वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप सम्मिलित हुई।
- दीक्षांत समारोह में **65 स्वर्ण पदक और 77,692 छात्र-छात्राओं** को डिग्री का वितरण।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में मेधावी छात्रा को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए।

## डिवाइन हार्ट फाउडेशन इंडिया, लखनऊ का स्थापना दिवस समारोह

❖ माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल डिवाइन हार्ट फाउण्डेशन इंडिया, लखनऊ के 27 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।




डिवाइन हार्ट फाऊंडेशन इंडिया, लखनऊ के स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

## मा0 राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का राजभवन आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन



माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के राजभवन आगमन पर अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से राजभवन में माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की शिष्टाचार भेंट।

## भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ का दीक्षांत समारोह

- देश की राष्ट्रपति एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ के द्वितीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुईं।
- समारोह में सफल विद्यार्थियों को उपाधि एवं मेधावियों को पदक का वितरण।



माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में मेधावी छात्रा को पदक प्रदान करते हुए।

## मा0 उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी का प्रदेश भ्रमण


**वाराणसी : 02 नवंबर, 2023**

देश के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के वाराणसी आगमन पर हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



## राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन

❖ भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल, ट्रेड सेंटर में 'Empowering "'india@G20: Sustainable Future Through Governance & Technology' विषयक 51वें राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन में प्रतिभाग किया।




उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड जी वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन के अवसर पर पुस्तक का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में करते हुए

# अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**लखनऊ : 17 दिसम्बर, 2023**

❖ पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पावन स्मृति में लखनऊ के पोस्टल ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ उप राष्ट्रपति माननीय जगदीप धनखड़ व श्रीमती सुदेश धनखड़ जी तथा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया।




लखनऊ में अटल स्वास्थ्य मेले के शुभारंभ अवसर पर माननीय उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल व अन्य गणमान्य नागरिक।





लखनऊ में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का प्रदेश भ्रमण

**मथुरा : 23 नवम्बर, 2023**



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मथुरा आगमन पर हवाई अड्डे पर स्वागत करते प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ।

## 'संत मीराबाई जन्मोत्सव' कार्यक्रम

**मथुरा : 23 नवम्बर, 2023**

- ❖ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त संत मीराबाई की 525वीं जयन्ती के अवसर पर जनपद मथुरा में 'ब्रजरज उत्सव-2023' के अन्तर्गत आयोजित 'संत मीराबाई जन्मोत्सव' में सम्मिलित हुए।
- ❖ इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने संत मीराबाई के सम्मान में स्मारक डाक टिकट तथा 525 रुपये के विशेष स्मारक सिक्के का विमोचन किया।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ब्रज उत्सव 2023 के अवसर पर जनपद मथुरा में संत मीराबाई के सम्मान में स्मारक डाक टिकट का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा अन्य की उपस्थिति में करते हुए।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जनपद मथुरा में 'संत मीराबाई जन्मोत्सव' कार्यक्रम के अवसर पर 525 रुपये के विशेष स्मारक सिक्के का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा अन्य की गरिमामयी उपस्थिति में करते हुए।

## जनपद अयोध्या में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

❖ देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनपद अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लोकार्पण, **15,700 करोड़ रूपये** से अधिक लागत की **45 विकास परियोजनाओं** का लोकार्पण एवं शिलान्यास तथा **06 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन** और **02 अमृत भारत ट्रेन** को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जनपद अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की गरिमामयी उपस्थिति में करते हुए।




प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जनपद अयोध्या से अमृत भारत व वन्दे भारत ट्रेनों को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक सहित अन्य गणमान्य महानुभाव की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अयोध्या धाम में 15,700 करोड़ रूपये की विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित अन्य गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति में करते हुए।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जनपद अयोध्या में पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का लोकार्पण राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में करते हुए।

## जनपद बुलंदशहर में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**बुलन्दशहर : 25 जनवरी, 2024**

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जनपद बुलंदशहर से पश्चिमी यूपी के विकास के लिए रेल लाइन, हाईवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज, यमुना और राम गंगा की स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट्स और औद्योगिक शहर से संबंधित 20,700 करोड़ रु0 से अधिक की 46 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।
- रेल लाइन, हाईवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, सीवरेज, मेडिकल कॉलेज तथा औद्योगिक क्षेत्र की यह परियोजनाएं जनपद बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बुलन्दशहर तथा मेरठ से सम्बन्धित हैं।
- डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा एवं न्यू रेवाड़ी स्टेशनों से मालगाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बुलन्दशहर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बुलन्दशहर में डेडीकेटडे फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा एवं न्यू रेवाड़ी स्टेशनों से मालगाड़ियों को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन, मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल एवं अन्य गणमान्य महानुभाव की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए।

# राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन

**राजभवन : 31 दिसम्बर 2023-18 जनवरी, 2024**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों व बच्चों हेतु आयोजित 31 दिसम्बर से 18 जनवरी, 2024 तक 14 दिवसीय परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2023-24 का बच्चों के साथ गुब्बारे छोड़कर शुभारंभ।
- ❖ खेल प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन, जिसमें खो-खो, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ (100 मी0/50 मी0), लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्ठू, रस्सी कूद तथा किंग शामिल। इन खेलों में कुल 509 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें 358 पुरूष, 57 बालक तथा 94 प्रतिभागी महिला एवं बेटियों ने प्रतिभागिता की।
- ❖ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मान।
- ❖ व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में 62 विजेताओं को प्रथम स्थान 54 प्रतिभागियों को द्वितीय व 44 प्रतिभागियों को तृतीय स्थान के लिए सम्मान।
- ❖ टीम गेम में 50 टीमों को प्रथम स्थान तथा 50 टीमों को द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मान।
- ❖ प्रतियोगिता आयोजन में सफल योगदान देने वालों को भी सम्मान।




राज्यपाल जी राजभवन में आयोजित परंपरागत खेल प्रतियोगिता का बच्चों के साथ गुब्बारे छोड़कर शुभारंभ करते हुए।





राजभवन में आयोजित परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

''खेल शारीरिक शक्ति के साथ साथ मानसिक संबल प्रदान करता है। खेलने से मन प्रफुल्लित होता है और मस्तिष्क का विकास होता है। बच्चे खेल के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। खेल मानव कल्याण व सर्व कल्याण के लिए होना चाहिए, यह सीख हमें हमारे पूर्वजों और ऋषि मुनियों ने दी है, जो घने जंगलों में बैठकर ज्ञान प्राप्ति में लीन रहते थे। पूर्वजों द्वारा प्राप्त ज्ञान समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। खेल स्वस्थ जीवन के लिए एक चमत्कार है तथा नियमित रूप से खेलने से किसी दवाई की आवश्यकता नहीं होती है। खेल से पाचन शक्ति मजबूत और स्वास्थ्य सही रहता है।''

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**






कैरम (पुरूष)


कैरम (महिला)


बैडमिंटन


शतरंज


बैडमिंटन


टेबल टेनिस


लम्बी कूद


गिल्ली-डण्डा


स्लो साइकिलिंग


गोला फेंक


स्लो साइकिलिंग


ऊंची कूद


किंग (महिला)


लंगड़ी दौड़


किंग (पुरूष)


खो-खो

परंपरागत खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

## परंपरागत खेल महोत्सव के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण



















राज्यपाल जी ने राजभवन में आयोजित परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी खिलाडियों को पुरस्कृत किया।

# परम्परागत खेल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों की सूची

| क.सं0 | खेल का नाम | आयु वर्ग | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कलर बाल (बालक) | 03 वर्ष से 05 वर्ष | सिद्धान्त, 10 बाल | – | – |
| | | 06 वर्ष से 09 वर्ष | आलोक | अनमोल | जोहांन खांन |
| | | 10 वर्ष से 12 वर्ष | आयुषमान प्रजापति | शिवा | – |
| 2 | कलर बाल (पुरूष) | ओपेन | अरविन्द कु0 यादव | श्री अशोक देसाई | ऋषि पाल |
| 3 | कलर बाल (महिला वर्ग) | 07 वर्ष तक | नन्दिनी, 9 बाल | अबीरा पाण्डेय, 8+ | रिद्धी, 8 बाल |
| | | 08 वर्ष से 12 वर्ष | रूही, 10 बाल | नइसा, 9 | प्रार्थना दुबे, 9 |
| 4 | बोरा दौड़ (बालक वर्ग 25 मी0) | 05 वर्ष से 10 वर्ष | सुधांशू शेखर | मुज्तबा जमाल | धनुष मांझी |
| | | 15 वर्ष से ओपेन | सुमित मौर्य | – | – |
| 5 | बोरा दौड़ (महिला वर्ग 25 मी0) | 05 वर्ष से 09 वर्ष | प्रार्थना दुबे | रिद्धि | नन्दनी |
| 6 | दोड़ – 50 मी0 (बालक वर्ग) | 04 वर्ष से 07 वर्ष | आलोक | मो0 जोहान खान | सुधान्शु शेखर |
| | | 08 वर्ष से 10 वर्ष | सार्थक यादव | रजत शर्मा | शौर्य बरतर्वाल |
| | | 11 वर्ष से 13 वर्ष | शानू बरतर्वाल | अग्रिम चौरसिया | कृष्णा कश्यप |
| | | 14 वर्ष से 16 वर्ष | आयूष मिश्रा | आदित्य कु0 शुक्ला | सुमित मौर्य |
| 7 | दोड़ – 50 मी0 (बालिका वर्ग) | 6 वर्ष तक | रिद्धि | प्रथमा कश्यप | माएरा नाज |
| | | 07 वर्ष से 10 वर्ष | अनन्या– I | अराध्या कश्यप | – |
| | | 11 वर्ष से 13 वर्ष | रूही | अनन्या– II | – |
| 8 | दोड़ – 100 मी0 (पुरूष वर्ग) | 16 वर्ष से 25 वर्ष | शिवांश राय | हर्ष कुमार वर्मा | – |
| | | 25 वर्ष से ओपेन | सुशील कुमार तिवारी | राज कमल ठाकुर | अनुराग यादव |
| 9 | दोड़ – 100 मी0 (महिला वर्ग) | 16 वर्ष से 25 वर्ष | वंशिका | – | – |
| | | 25 वर्ष से ऊपर | – | – | – |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | लंगड़ी दौड़– 25मी0 / 50मी0 (पुरूष वर्ग) | 10 वर्ष तक | आलोक | हर्षित | शिवा |
| | | 10 वर्ष से 15 वर्ष | अग्रिम चौरसिया | – | – |
| | | 20 वर्ष से ओपेन | कामरान अली खां | चन्द्र प्रकाश | कुलदीप वर्मा |
| 11 | लंगड़ी दौड़– 25मी0 / 50मी0 (महिला वर्ग) | 10 वर्ष से कम | पलक शर्मा | प्रार्थना दुबे | अराध्या कश्यप |
| | | 10 वर्ष से 15 वर्ष | प्रकृति दुबे | – | – |
| | | 20 वर्ष से ओपेन | जसविन्दर कौर | सोनेश्री | सुमन कश्यप |
| 12 | लम्बी कूद (पुरूष वर्ग) | 10 वर्ष से कम | सार्थक यादव– 9.11 फीट | रजत शर्मा– 9.9 फीट | अनमोल – 8.8 फीट |
| | | 10 वर्ष से 15 वर्ष | आदित्य कु0 शुक्ल– 16.5 फीट | आलोक यादव– 14.8 फीट | अनिकेत – 13.10 फीट |
| | | 18 वर्ष से 25 वर्ष | रावेन्द्र प्रताप सिंह– 15.7 फीट | शिवांश राय– 15 फीट | आशीष मौर्य – 14.10 फीट |
| | | 25 वर्ष से ओपेन | प्रवीण मिश्रा– 15.5 फीट | प्रभाकर पाण्डेय– 15.2 फीट | राज कमल ठाकुर– 15 फीट |
| 13 | लम्बी कूद (महिला वर्ग) | 08 वर्ष तक | नन्दनी – 6.9 फीट | – | – |
| | | 09 वर्ष से 12 वर्ष | रूही – 8.3 फीट | पलक शर्मा 8.2 फीट | प्रकृति दुबे – 7.7 फीट |
| | | 18 वर्ष से ऊपर | जसविन्द्र कौर – 10.11 फीट | वंशिका सिंह – 10.4 फीट | अम्बिका पाण्डेय– 9.5 फीट |
| 14 | ऊँची कूद (पुरूष वर्ग) | 15 वर्ष तक | आयुष मिश्रा – 4.2 फीट | – | – |
| | | 19 वर्ष से ओपेन | रावेन्द्र प्रताप – 4.4 फीट | प्रभाकर पाण्डेय– 4.4 फीट | प्रवीण मिश्रा – 4.4 फीट |
| 15 | गोला फेंक (पुरूष वर्ग) | 18 वर्ष से 25 वर्ष | आमिर अली – 32.9 फीट | विनय कश्यप– 31.8 फीट | मेराज खां– 30.8 फीट |
| | | 25 वर्ष से ओपेन | अजय कुमार सिंह – 46.8 फीट | अरविंद यादव– 45.5 फीट | संदीप दुबे– 44 फीट |
| 16 | गोला फेंक (महिला वर्ग) | 20 वर्ष से ओपेन | दीपिका सिंह– 26.4 फीट | सृष्टि यादव– 23.8 फीट | प्रीती यादव– 23.1 फीट |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | कैरम (पुरूष वर्ग) | 09 वर्ष तक | ध्रुव यादव | रजत | जोहान खां |
| | | 09 वर्ष से 12 वर्ष | सार्थक राज | यश कश्यप | सत्यम |
| | | 12 वर्ष से 15 वर्ष | कृष्णा कश्यप | आदित्य कुमार | अग्रिम चौरसिया |
| | | 15 वर्ष से ओपेन | डा0 नरेन्द्र देव | अश्वनी कुमार | मो0 शोएब खां |
| 18 | कैरम (महिला वर्ग) | 12 वर्ष से नीचे | पलक शर्मा | नाइशा | – |
| | | 15 वर्ष से ओपेन | श्वेता प्रियदर्शी | सोनल सिंह | डा0 अभया गुप्ता |
| | | 10 वर्ष तक | सार्थक यादव | शिवांश | तनिष्क सिंह गौर |
| 19 | बैडमिण्टन (पुरूष वर्ग) | 10 वर्ष से 13 वर्ष | मान पाण्डेय | वेब मलिक | प्रिंस यादव |
| | | 13 वर्ष से 15 वर्ष | रक्षित मिश्रा | अग्रिम चौरसिया | – |
| | | 15 वर्ष से 17 वर्ष | रौनक मिश्र | आदित्य त्रिपाठी | अमन |
| | | 18 वर्ष से ओपेन | डा0 सुधीर एम0 बोबड़े, ए0सी0एस0 | रईस अहमद | अनिल कुमार शर्मा |
| 20 | बैडमिण्टन (महिला वर्ग) | 15 वर्ष से 21 वर्ष | कु0 आदिति त्रिपाठी | कृणाली नायक | मिनी |
| | | 21 वर्ष से ऊपर | ऋष्टि यादव | राधा | शिल्पी सिंह |
| 21 | टेबल टेनिस (पुरूष वर्ग) | 20 वर्ष से ओपेन | बृजेश भारद्वाज | गौतम चन्द्र | – |
| 22 | शतरंज (पुरूष वर्ग) | 10 वर्ष से 15 वर्ष | शिखर मिश्रा | आयुष मिश्र | शृदुल चौरसिया |
| | | 15 वर्ष से ओपेन | देव कृष्ण साहू | जय करन सिंह | अरशद बेग |
| 23 | शतरंज (महिला वर्ग) | ओपेन वर्ग | मानवी पी0 जानी | सुनीता श्रीवास्तव | सिमरन |
| 24 | स्लो साइकलिंग (पुरूष वर्ग) | 12 वर्ष तक | आयुष्मान प्रजापति, 4.50 मि0 | मुज्तबा जमाल, 2.33 मि0 | – |
| | | 12 वर्ष से 15 वर्ष | शिखर आर्य, 10.34 मि0 | सुभाष, 10.10 मि0 | – |
| | | 20 वर्ष से ओपेन | कमल यादव, 14.55 मि0 | सतीश चन्द्र राजन, 14. 10 मि0 | कौशल किशोर, 11.56 मि0 |
| 25 | स्लो साइकलिंग (महिला वर्ग) | 15 वर्ष तक | रूही, 5.13 मि0 | – | – |
| | | 20 वर्ष से ऊपर | दीपीका सिंह, 7.13 मि0 | राधा, 5.4 मि0 | शिल्पी सिंह, 3.46 मि0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | रस्सी कूद (पुरूष वर्ग) | ओपेन | श्री आभास सेजलवरकर, ए0डी0सी 1 मिनट–225 बार | आशीष मौर्य, 1मिनट–207 बार | अनिल शर्मा, 1 मिनट–135 बार |
| 27 | रस्सी कूद (महिला वर्ग) | ओपेन | दीपीका सिंह, 1मिनट–146 बार | शिल्पी सिंह, 1मिनट–114 बार | शीलू त्रिवेदी, 1 मिनट–108 बार |
| 28 | किंग (पुरूष वर्ग) | ओपेन (06 टीम) | प्रथम | द्वितीय | |
| | | | श्री अशोक देसाई एवं टीम | विनोद कु0 यादव एवं टीम | |
| 29 | किंग (महिला वर्ग) | ओपेन (03 टीम) | शिल्पी सिंह एवं टीम | दीपीका सिंह एवं टीम | |
| 30 | गिल्ली डण्डा (पुरूष वर्ग) | ओपेन (16 टीम) | कुलदीप सिंह एवं टीम | हरिओम एवं टीम | |
| 31 | रस्सा कशी (पुरूष वर्ग) | ओपेन (08 टीम) | प्रथम | द्वितीय | |
| | | | श्री पुनीत द्विवेदी एवं टीम | संतराम एवं टीम | |
| 32 | रस्सा कशी (महिला वर्ग) | ओपेन (04 टीम) | जसविंदर कौर एवं टीम | हिमानी चौधरी एवं टीम | |
| 33 | खो–खो (महिला वर्ग) | ओपेन (04 टीम) | श्रीमती गीता देसाई एवं टीम | 1. राधा एवं टीम | |




विजयी प्रतिभागी प्रमाण–पत्र के साथ

# केन्द्रशासित प्रदेशों का स्थापना दिवस

**राजभवन : 01 नवम्बर, 20**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' योजनांतर्गत केन्द्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप, पुडुचेरी एवं अण्डमान निकोबार द्वीप समूह के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन।
- ❖ केन्द्रशासित प्रदेशों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म तथा कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी का राज्यपाल जी द्वारा अवलोकन।
- ❖ संस्कृति विभाग तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा अण्डमान निकोबार के झूमर, निकोबारी, पुडुचेरी के गराडी तथा मिनीकॉय द्वीप के बंदिया लोकनृत्य की मनोहारी प्रस्तुति।
- ❖ इस अवसर पर राजभवन भ्रमण पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आये 10वीं व 12वीं कक्षा के 20 टॉपर बच्चों तथा टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कालेज, गोमतीनगर, लखनऊ की 40 बालिकाओं ने भी राज्यों के स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया।



पुडुचेरी, अण्डमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप के स्थापना दिवस के अवसर पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक प्रस्तुतियों का अवलोकन व उत्साहवर्द्धन करते हुए राज्यपाल जी।



राजभवन में आयोजित पुडुचेरी, अण्डमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप के स्थापना दिवस के अवसर पर आमंत्रित महानुभावों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

# स्थापना दिवस की झलकियाँ













# प्रयागराज की मलिन बस्तियों के बच्चों का राजभवन भ्रमण

**राजभवन 04 नवम्बर, 2023**

- प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के 51 मलिन बस्तियों में रहने वाले 209 परिवारों के **410 बच्चों** ने अपने माता–पिता के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' के नेतृत्व में राजभवन का भ्रमण किया।



प्रयागराज शहर दक्षिणी विधान सभा के मलिन बस्तियों के बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए राज्यपाल जी।



प्रयागराज शहर दक्षिणी विधान सभा से राजभवन भ्रमण पर आए बच्चे राज्यपाल जी के साथ।

''बच्चे को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अभिभावकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। अभिभावकों को बच्चों के मनोबल को हमेशा बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। सभी बच्चे खूब पढ़ाई करें और जीवन में अच्छे कार्यों हेतु प्रेरित हों। दलित और मलिन बस्तियों के साथ–साथ सम्पन्न घरानों के बच्चों को भी जोड़े ताकि छुआछूत और भेदभाव की भावना को समाप्त किया जा सके।''

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

## उत्तर प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा की बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रस्तुतीकरण

**राजभवन : 4 नवम्बर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में गुजरात के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा, कानून, न्याय, विधायी और संसदीय मामलों के मंत्री श्री ऋषिकेश पटेल तथा 17 अन्य सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा में अपनायी जा रही बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रस्तुतीकरण। इस अवसर पर दोनों प्रदेशों में बेस्ट प्रेक्टिसेस के लिए आपसी सहयोग और आदान-प्रदान पर चर्चा।
- उत्तर प्रदेश के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा, चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपतिगण, गुजरात व उत्तर प्रदेश के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा में अपनाई जा रही बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रस्तुतीकरण देते हुए मंत्री, चिकित्सक व अधिकारीगण।

## संविधान दिवस

**राजभवन : 26 नवम्बर, 2023**



संविधान दिवस पर राजभवन में राजभवन के कार्मिकों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराते अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे।

# नारी शक्ति सम्मान समारोह

**राजभवन : 08 नवम्बर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में बाराबंकी के गांव चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन नारी शक्ति सम्मान समारोह सम्पन्न।
- 108 महिलाओं को साड़ी तथा पांच स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधि पांच महिलाओं को बीज वैक्स के दीपक बनाए जाने हेतु पारिश्रमिक के तौर पर प्रत्येक को रू0 12,500 के चेक का वितरण।
- राजभवन परिसर में चैनपुरवा गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न वैक्स तथा अन्य उत्पादों यथा मस्टर्ड हनी, यूकेलिप्टस हनी, मल्टी फ्लावर हनी, वैक्स दीप, मोमबत्ती, मंदिर, मूर्ति, नवग्रह की लकड़ी, शॉल, धूपबत्ती आदि की लगायी गई स्टॉल का अवलोकन।
- इस अवसर पर डब्लू0एच0ओ0 तथा गांव कनेक्शन द्वारा चैनपुरवा पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन तथा आकाशवाणी लखनऊ द्वारा चैनपुरवा में आए परिवर्तन पर "चैनपुरवा का चैन" के अंशों का ऑडियो प्रसारण भी किया गया।
- विदित है कि बाराबंकी के चैनपुरवा गांव में निवासी अवैध शराब बनाने के कार्य मे संलिप्त थी। चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन के तहत तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में गांव की महिलाओं की दशा में बदलाव लाते हुए उन्हें विभिन्न रोजगारपरक और आय सृजन के कार्यक्रमों में शामिल कर सामाजिक बदलाव लाया गया।



ग्राम चैनपुरवा के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित बीज वैक्स के दीपक राज्यपाल जी को भेंट करते हुए।



स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



ग्राम चैनपुरवा की महिलाओं को साड़ी वितरित करते हुए राज्यपाल जी।



स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को चेक प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।

# राजभवन में दीपावली पर्व

**राजभवन: 11–12 नवम्बर, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रदेश के मंत्रिगण, अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण, जनप्रतिनिधिगण सहित विशिष्टजनों ने मिलकर दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने शिष्टाचार भेंट कर दीपावली की बधाई दी।



राज्यपाल जी को दीपावली की बधाई देते हुए वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को प्रदेश के नगर विकास व ऊर्जा मंत्री श्री ए0 के0 शर्मा ने दीपावली की बधाई दी।



दीपावली के अवसर पर राज्यपाल जी को बधाई देते हुए प्रदेश के जल शक्ति एवं नमामि गंगे मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने शिष्टाचार भेंट कर दीपावली की बधाई दी।



राज्यपाल जी से राजभवन में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे ने शिष्टाचार भेंट कर दीपावली की बधाई दी।



दीपावली के अवसर पर सुप्रसिद्ध अभिनेत्री आशा पारेख, प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे व अन्य गणमान्य व्यक्ति राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के साथ।




राजभवन में राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल को पेंसिल से तैयार की गयी उनकी तस्वीर भेंट करते हुए चित्रकार श्रीमती पल्लवी आशीष ।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीपावली के पावन पर्व पर हनुमान सेतु मंदिर, नीम करोली बाबा आश्रम, लखनऊ में दर्शन एवं पूजा अर्चना की।

# दीपावली पर्व पर चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्स कर्मियों को उपहार वितरण

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्स कर्मियों को दीपावली पर्व के अवसर पर उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर सबको सुख, समृद्धि और खुशहाली की शुभकामनाएं दी।




राज्यपाल जी राजभवन के चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्स कर्मियों को दीपावली पर्व के अवसर पर उपहार एवं मिष्ठान वितरित करते हुए।



दीपावली के अवसर पर राज्यपाल जी राजभवन के अध्यासित बच्चों को मिष्ठान वितरित करते हुए।

# विद्यालय के बच्चों ने राजभवन में मानाया राज्यपाल का जन्मदिवस

**राजभवन : 21 नवम्बर, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी का जन्मदिन राजकीय बालगृह शिशु, लखनऊ के बच्चों एवं राजभवन में अध्यासित बच्चों ने राजभवन के अधिकारियों की उपस्थिति में भारतीय परम्परागत तरीके से बनी 'सुखड़ी' को काटकर और दीप जलाकर मनाया गया।
- ❖ राजभवन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने केक काटकर राज्यपाल जी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा जन्मदिन मनाने सम्बन्धी गीत तथा राज्यपाल जी के लिए स्वागत गान भी प्रस्तुत किया गया।
- ❖ बच्चों के मनोरंजन के लिए विविध प्रकार के इनडोर गेम, ज्ञानवर्द्धक मनोरंजक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन।
- ❖ बालगृह से आए बच्चों ने इस अवसर पर वेस्ट मैटेरियल से निर्मित सजावटी उपहार और बधाई कार्ड भेंट किए।
- ❖ कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी बच्चों को राजभवन की ओर से उपहार स्वरूप पुस्तकें, पेंसिल बाक्स, सिपर के साथ-साथ वूलेन कैप भी भेंट की गई।



राजभवन में राजकीय बालगृह एवं राजभवन में अध्यासित बच्चे भारतीय तरीके से बनी 'सुखड़ी' काटकर तथा दीप जलाकर राज्यपाल जी का जन्मदिवस मनाते हुए।



राजभवन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे, विद्यालय में केक काटकर राज्यपाल जी का जन्मदिवस मनाते हुए।



राजभवन में आयाजित क्विज प्रतियोगिता में बच्चे पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग करते हुए।

# उम्मीद संस्था द्वारा राजभवन में खेल महोत्सव

**राजभवन : 02–03 दिसम्बर, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा स्वयं सेवी संस्था 'उम्मीद' द्वारा भिक्षावृत्ति छोड़ चुके 500 बच्चों के प्रोत्साहन हेतु 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' कार्यक्रम के अंतर्गत राजभवन में आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारम्भ।
- ❖ खेल महोत्सव में 3.5 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने बोरा रेस, गुब्बारा रेस, बास्केट बॉल फेंकना, एक स्थान पर खड़े होकर लंबी कूद, 60 मीटर की दौड़, चम्मच रेस, स्माइली गेंद फेंकना, जोड़े में बास्केट बॉल के साथ दौड़ना, गुब्बारे इकट्ठा कर टब में रखना, रिले दौड़, 100 मीटर की दौड़, कबड्डी, रस्सा कस्सी, 20 मीटर मेढक कूद तथा एक स्थान पर खड़े होकर लंबी कूद जैसे विभिन्न खेलों में प्रतिभाग गया।
- ❖ समापन समारोह में राज्यपाल जी ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा बच्चों की कार्य व्यवस्था में लगाये गये सभी वालंटियर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।
- ❖ इस अवसर पर राजभवन की ओर से संस्था के बच्चों के लिए प्रेरणादायक स्टोरी बुक तथा पठन–पाठन सामग्री का एक सेट भेंट किया तथा संस्थान में एक छोटी सी लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश।



राजभवन में राजकीय बालगृह एवं राजभवन में अध्यासित बच्चे भारतीय तरीके से बनी 'सुखड़ी' काटकर तथा दीप जलाकर राज्यपाल जी का जन्मदिवस मनाते हुए।




"खेल महोत्सव" में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।




राजभवन में आयाजित क्विज प्रतियोगिता में बच्चे पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग करते हुए।

# उपन्यास 'परदेसी' का विमोचन

**लखनऊ : 25 दिसंबर, 2023**




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में उपराज्यपाल लद्दाख, ब्रिगेडियर डॉ0 बी0डी0 मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में लद्दाख की प्रथम महिला एवं लेखक श्रीमती नीलम मिश्रा के उपन्यास 'परदेसी' का विमोचन किया।




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में उपन्यास 'परदेसी' के विमोचन के अवसर पर सम्बोधित करते हुए।

# वीर बाल दिवस पर दास्तान-ए-शहादत कार्यक्रम

**राजभवन : 27 दिसंबर, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में लखनऊ गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के सौजन्य से राजभवन में वीर बाल दिवस को समर्पित दास्तान-ए-शहादत पर लाइट एण्ड साउंड शो का आयोजन।
- ❖ कार्यक्रम में दशमेश पिता साहब श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के चारों साहबजादो की शहादत की गाथा का पंजाब के विशेष कलाकारों द्वारा रोमांचक मंचन।
- ❖ इस अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सौजन्य से उम्मीद संस्था के 24 बच्चों को जैकेट का वितरण।
- ❖ दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक, दो रजत पदक तथा एक कांस्य पदक विजेता खालसा इंटर कॉलेज लखनऊ के 04 छात्रों का राज्यपाल जी द्वारा सम्मान।



वीर बाल दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित दास्तान-ए-शहादत पर लाइट एण्ड साउंड शो के रोमांचक मंचन का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



वीर बाल दिवस के अवसर में राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में उम्मीद संस्था के बच्चों को जैकेट वितरित करते हुए राज्यपाल जी।



राज्यपाल जी ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खालसा इंटर कॉलेज लखनऊ के छात्रों को सम्मानित किया।

# नववर्ष–2024 की बधाई

**राजभवन : 01 जनवरी, 2024**

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में गणमान्य व्यक्तियों, वरिष्ठ अधिकारियों, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण, शिक्षक, राजभवन कार्मिकों एवं प्रगतिशील कृषकों ने नववर्ष–2024 की बधाई दी।



राज्यपाल जी को नववर्ष-2024 की बधाई देते हुए मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश श्री दुर्गा शंकर मिश्र।




नववर्ष-2024 के अवसर पर राज्यपाल जी को बधाई देते हुए अपर मुख्य सचिव डॉ सुधीर एम0 बोबडे।









नववर्ष–2024 के अवसर पर राज्यपाल जी को बधाई देते हुए गणमान्य महानुभाव।

## महापुरूषों को श्रद्धांजलि

**राजभवन : 12 जनवरी, 2024**



''राष्ट्रीय युवा दिवस'' के अवसर पर राजभवन परिसर में स्थित स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए राज्यपाल जी।

**राजभवन : 15 दिसम्बर, 2023**



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर राजभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए।

## राजभवन परिसर स्थित बोंसाई गार्डन का निरीक्षण

**राजभवन : 12 जनवरी, 2024**

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन परिसर में स्थित बोंसाई गार्डन का निरीक्षण।
- गार्डन में विविध किस्म के बोंसाई के रखरखाव, पौधों की पहचान हेतु नाम के साथ-साथ उनकी विवरण पट्टिका, समय पर पौधों को पानी व पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु उद्यान निरीक्षक को निर्देश।
- राजभवन परिसर में मियावाकी पौधरोपण, कैक्टस व ड्रैगन फ्रूट की विभिन्न किस्मों के पौधरोपण हेतु निर्देश।



राज्यपाल जी राजभवन परिसर स्थित बोंसाई गार्डन का निरीक्षण करते हुए।

## एन0सी0सी0 की मेगा साइक्लोथॉन टीम को राजभवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना

**राजभवन : 14 जनवरी, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से उत्तर प्रदेश एन0सी0सी0 निदेशालय द्वारा अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित मेगा साइक्लोथॉन ''हम किसी से कम नहीं'' अभियान की 14 सदस्यीय बालिका कैडेट्स की टीम को लखनऊ से आगे की यात्रा हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण, विविधता में एकता, प्रकृति संरक्षण का महत्व एवं स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के संदेश का प्रचार-प्रसार करना है।
- ज्ञातव्य है कि इस अभियान को 24 दिसंबर 2023 को असम के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया द्वारा गुवाहाटी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था तथा इसका समापन 28 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में मा0 प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

एन0सी0सी0 की मेगा साइक्लोथॉन टीम को राजभवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए राज्यपाल जी।







एन0सी0सी0 की मेगा साइक्लोथॉन ''हम किसी से कम नहीं'' अभियान के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए

> ''लड़कियां खुद को कमजोर ना समझें। अपने जीवन का लक्ष्य तय करें, हौसला रखें और चुनौतियों का सामना करें। इसके साथ ही जीवन में सच को स्वीकारें तथा गलत कार्यों का विरोध करने की आदत डाले।'
>
> **राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर राजभवन में विविध आयोजन

**राजभवन : 24 जनवरी, 2024**

❖ उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली, श्री अन्न प्रतियोगिता तथा उत्तर प्रदेश की कला एवं संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर राजभवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ तथा रक्तदान प्रमाण–पत्र वितरित किया।

❖ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में राजभवन कार्मिकों व अध्यासितों द्वारा रक्तदान किया गया और कुल 64 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ।



उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल जी



राजभवन के कर्मी रक्त दान करते हुए



राज्यपाल जी रक्तदाताओं को प्रमाण–पत्र का वितरण करते हुए।

## साइकिल रैली का आयोजन

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर फिट इण्डिया के तहत राजभवन परिसर से राजभवन कार्मिकों और अध्यासितों हेतु आयोजित साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जो समता मूलक चौराहा होते हुए पुन: राजभवन आकर सम्पन्न हुई।





उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर फिट इण्डिया के तहत साइकिल रैली में उल्लासपूर्वक प्रतिभाग करते राजभवन कर्मी।

# उत्तर प्रदेश की कला एवं संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम

❖ राजभवन में प्रदेश की विविधतापूर्ण संस्कृति, साहित्य, इतिहास की विशेषताओं, लोक कलाओं और तमाम विशिष्टताओं पर मनोरम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन।

❖ कार्यक्रम में कबीर, मैथिलीशरण गुप्त जैसे महाकवियों पर एकल प्रस्तुतियां, महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दुर्गा भाभी और मंगल पांडे, चंद्रशेखर आजाद पर नाट्य प्रस्तुति, मन मोहने वाला बुंदेलखंड का राई नृत्य, अयोध्या का प्रसिद्ध ढेढिया नृत्य तथा बृज की होली पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां एवं राजभवन उत्तर प्रदेश गीत प्रस्तुति हुई।

❖ प्रदेश के कलाकारों के साथ ही राजभवन में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी तथा यहाँ अध्यासित परिवारों के बच्चों द्वारा उत्साह के साथ प्रतिभागिता।

❖ उत्तर प्रदेश की विशेषताओं, उपलब्धियों, इतिहास, संस्कृति और साहित्य को प्रदर्शित एक डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन।

❖ संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई उत्तर प्रदेश की विविधताओं को दर्शाती प्रदर्शनी तथा रंगोली का अवलोकन।



प्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यकर्मों की प्रस्तुतियों को देखतीं राज्यपाल जी।



उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

## ''उत्तर प्रदेश दिवस'' के अवसर पर 'श्री अन्न' से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता

**राजभवन : 26 जनवरी, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से उत्तर स्थापना दिवस के अवसर 24 जनवरी को 'श्री अन्न' से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता चार वर्गों बच्चों, युवाओं, गर्भवती महिलाओं तथा वृद्धजनों के लिए आयोजित की गयी।
- प्रतियोगिता में 73 प्रतिभागी शामिल, जिसमें राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारी, कर्मचारियों के अतिरिक्त राज्य विश्वविद्यालयों की शिक्षिकाओं, महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्रतिभागिता।
- प्रतियोगिता में बच्चों के वर्ग में 03, युवाओं के वर्ग में 02, गर्भवती महिलाओं के वर्ग में 01 तथा वृद्धावस्था वर्ग के लिए 03 विजेता पुरस्कृत।
- विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र के साथ एक पुस्तक और 'श्री अन्न-मिलेट्स' का बैग भी प्रदान किया गया।



राजभवन में आयोजित ''श्री अन्न व्यंजन प्रतियोगिता'' में मिलेट्स से बने व्यंजनों का अवलोकन व प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।



''श्री अन्न'' प्रतियोगिता में पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ राज्यपाल जी।

# राजभवन में 75वां गणतंत्र दिवस

**राजभवन : 26 जनवरी, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण।

❖ 05 अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं 04 उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त राजभवन सुरक्षा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान।



75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण करसलामी लेते हुए राज्यपाल जी।



ध्वजारोहण के पश्चात राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल जी।

# विधान भवन पर ध्वजारोहण व झांकी का अवलोकन

- ❖ राज्यपाल जी ने विधान भवन पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली।
- ❖ परेड में सेना, पुलिस, पी0ए0सी0, होमगार्डस, विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों की झांकी तथा प्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ का अवलोकन।
- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन का बैंड व 'जन–जन का राजभवन' की थीम पर पहली बार राजभवन की झांकी निकाली गई, राजभवन बैंड में उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन तथा भिक्षा से शिक्षा की ओर जुड़े बच्चों द्वारा उत्कृष्ट बैंड का प्रदर्शन किया गया।





राज्यपाल जी विधान भवन पर ध्वजारोहण व गुब्बारे छोड़कर शांति का संदेश देते राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी।



विधानभवन पर गणतंत्र दिवस पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए।









विधानभवन पर गणतंत्र दिवस परेड में मार्च पास्ट को सलामी देती राज्यपाल जी।

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

**राजभवन : 26 जनवरी, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में संस्कृति निदेशालय एवं खेल व युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में कला- संस्कृति, साहित्य एवं खेल में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रदेश की प्रतिभाओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु अलंकरण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में 16 कलाविदों एवं 06 खिलाड़ियों को प्रदेश के उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया।









राज्यपाल जी राजभवन में आयोजित अलंकरण समारोह में कला- संस्कृति, साहित्य एवं खेल में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रदेश की प्रतिभाओं को मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित करते हुए।

# राजभवन में गणतन्त्र दिवस पर बधाई कार्यक्रम

राजभवन 26 जनवरी, 2024





गणतन्त्र दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित बधाई कार्यक्रम में मा. राज्यपाल जी, मा. मुख्यमंत्री जी, उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन तथा भिक्षा से शिक्षा की ओर जुड़े बच्चों तथा अतिथियों से भेंट करते हुए।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

❖ गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण विविध मनोहारी प्रस्तुतियां दी गयी।









गणतंत्र दिवस पर राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजभवन परिवार के बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशप्रेम से ओत-प्रोत गीत, नृत्य, नाट्य, एकल नाट्य देखते हुए राज्यपाल जी।

# गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट)

**राजभवन 29 जनवरी, 2024**

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट) में शामिल हुईं।
- गणतंत्र दिवस परेड में विभाग/संस्था की झाँकियों में प्रथम स्थान लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, द्वितीय स्थान राजभवन उत्तर प्रदेश तथा तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय, सिटी मान्टेसरी स्कूल एवं उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुआ।
- बैण्ड श्रेणी में प्रथम स्थान सिटी मान्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड, द्वितीय स्थान लखनऊ पब्लिक स्कूल, राजाजीपुरम् एवं तृतीय स्थान राजभवन उत्तर प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालय व भिक्षावृत्ति से मुक्त बच्चों के बैण्ड को प्राप्त हुआ।
- ज्ञातव्य है कि राज्यपाल जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार राजभवन की झांकी एवं राजभवन के बैण्ड की प्रस्तुति की गयी थी। बैण्ड में उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन के 21 एवं भिक्षावृत्ति से मुक्त 17 बच्चों ने संयुक्त रूप से सिर्फ 1 महीने की अल्प अवधि के प्रशिक्षणोपरांत उत्कृष्ट प्रस्तुति कर तृतीय स्थान हासिल किया।





गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह में परेड में शामिल प्रथम एवं द्वितीय स्थान (राजभवन) प्राप्त झांकियों को पुरस्कृत करते हुए राज्यपाल जी।









बीटिंग दि रिट्रीट समारोह में राजभवन बैण्ड की मनमोहक प्रस्तुति देखतीं व तृतीय स्थान हासिल करने पर उन्हें पुरस्कृत करतीं राज्यपाल जी।

# शहीद दिवस पर राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**राजभवन: 30 जनवरी, 2024**





गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह में परेड में शामिल प्रथम एवं द्वितीय स्थान (राजभवन) प्राप्त झांकियों को पुरस्कृत करते हुए राज्यपाल जी।

शहीद दिवस के अवसर पर राज्यपाल जी एवं राजभवन के समस्त अधिकारीगण व कर्मचारियों ने 02 मिनट का मौन रखा।







राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजभवन के अध्यासित बच्चे गांधी जी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति देते हुए।

# विकसित भारत@2047 : युवाओं की आवाज' पहल का शुभारंभ

**राजभवन : 11 दिसम्बर, 2023**

- ❖ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत/2047 : युवाओं की आवाज' पहल का शुभारंभ तथा मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सम्बोधन का सजीव प्रसारण राजभवन में अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण एवं विषय विशेषज्ञ ने सुना।
- ❖ इस अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यशाला में दो सत्रों में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का पैनल डिस्कशन तथा प्रश्नोत्तर, चर्चा-परिचर्चा सम्पन्न हुई।
- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन के गांधी सभागार में राज्य एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, रजिस्ट्रार, निजी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि एवं कुलपति, शिक्षक, राजभवन के कार्मिक के साथ-साथ प्रदेश के समस्त राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों ने भी वेब लिंक से जुड़कर प्रतिभाग किया।



'विकसित भारत@2047 : युवाओं की आवाज' के शुभारम्भ कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सम्बोधन का सजीव प्रसारण राजभवन में अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण एवं विषय विशेषज्ञ सुनते हुए।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'विकसित भारत@2047 : युवाओं की आवाज' पहल कार्यक्रम में दिये गये सम्बोधन पर राजभवन में आयोजित कार्यशाला में चर्चा-परिचर्चा करते विश्वविद्यालय के कुलपतिगण और शिक्षकगण।

- ❖ प्रथम सत्र में एंपावर्ड इंडियन इनोवेशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय के अन्तर्गत भारत 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र की श्रेणी में कैसे आए, विकसित भारत हेतु उन्होंने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, साइबर सिक्योरिटी व डिजिटल कौशल की आवश्यकता, डिजिटल अर्थव्यवस्था को सस्टेन करने के लिए साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल एजुकेशन, आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस, विश्वविद्यालय में डिजिटल स्केलिंग के कोर्सेज, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को अडॉप्ट करने, स्कूलिंग पीरियड को बढ़ाने, फास्ट टेक्नोलॉजी अपनाने, पर्यावरण सरंक्षण करने, रिसोर्सेज का उपयोग, रिड्यूज, रियूज और रिसाइकिल करने, शैक्षिक करिकुलम को उद्योगों से लिंक करने, शिक्षकों की स्किल बढ़ाने, यूनिवर्सिटी और कॉलेज को डिजिटल किए जाने, विद्यार्थियों की स्किलिंग, जॉब प्रोवाइडर जैसे विषयों पर चर्चा।
- ❖ द्वितीय सत्र में उच्चतर शिक्षा का वैश्वीकरण विषय पर विश्व में भारत की स्थिति, वैश्विक पहचान के लिए नॉलेज क्रिएशन, तकनीक के साथ भारतीय संस्कृति और संगीत को जोड़कर आधुनिक तरीके से विश्व में प्रचारित करने, मेडिकल कॉलेजों को तकनीकी विश्वविद्यालय से जोड़ने की पॉलिसी, विकसित भारत में भारतीय संस्कृति और कला की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा।
- ❖ कार्यक्रम के पैनल डिस्कशन सत्र में तकनीकी विकास, डिजिटल विकास जैसे विविध बिंदुओं पर चर्चा–परिचर्चा के दौरान उपस्थित कुलपतियों, प्रोफेसर्स ने शंकाए, विचार–विमर्श तथा उपलब्ध की जा चुकी उच्च विशेषताओं की जानकारियाँ भी साझा की।

> “ आज दुनिया की आबादी तेजी से बुजुर्ग हो रही है और भारत युवाशक्ति से सशक्त है। आने वाले 25–30 वर्षों तक वर्किंग एज पॉपुलेशन के मामले में भारत सबसे अग्रणी रहने वाला है। इसलिए भारत के युवाओं पर पूरी दुनिया की नजर है। युवाशक्ति, एजेंट ऑफ चौंज भी है और बेनिफिशरीज ऑफ चौंज भी है। आज जो युवा साथी, कॉलेज और यूनिवर्सिटीज में हैं, उनके करियर को भी यही 25 साल तय करने वाले हैं। यही युवा नए परिवार बनाने वाले हैं, नया समाज बनाने वाले हैं। इसलिए ये तय करना कि विकसित भारत कैसा हो, ये हक भी सबसे अधिक हमारी युवा शक्ति को ही है। इसी भाव के साथ सरकार, देश के हर युवा को विकसित भारत के एक्शन प्लान से जोड़ना चाहती है। देश के युवाओं की आवाज को विकसित भारत के निर्माण की नीति–रणनीति में ढालना चाहती है। युवाओं के साथ आप सबसे ज्यादा संपर्क में रहते हैं, इसलिए इसमें आप सभी साथियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है।
>
> **मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** ”

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बंगलौर (NAAC) द्वारा मूल्यांकन के परिणामस्वरूप उच्च ग्रेडिंग प्राप्त उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय

**प्रदेश में अब तक निम्न राज्य विश्वविद्यालय नैक की उच्च ग्रेडिंग प्राप्त कर चुके हैं–**

| क्रम | विश्वविद्यालय का नाम | नैक द्वारा प्रदत्त श्रेणी | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | ए++ | 26 जुलाई, 2022 |
| 2. | दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर | ए++ | 17 जनवरी, 2023 |
| 3. | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ | ए++ | 10 मार्च, 2023 |
| 4. | महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली | ए++ | 24 जून, 2023 |
| 5. | छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर | ए++ | 25 नवम्बर, 2023 |
| 6. | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ | ए+ | 7 फरवरी, 2023 |
| 7. | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर | ए+ | 10 जून, 2023 |
| 8. | वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर | ए+ | 19 दिसम्बर, 2023 |
| 9. | बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी | ए+ | 21 दिसम्बर, 2023 |
| 10. | मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर | ए | 14 जून, 2022 |

## नैक में उत्कृष्ट ग्रेडिंग प्राप्त विश्वविद्यालयों का सम्मान

